कार्यालय पुलिस उपायक्त, काशी जोन, पुलिस कमिश्नरेट, वाराणसी।

प्रेस नोट

दिनांक 13.06.2024

विषयः-नकबजनी के अभियोगों में वांछित चोर थाना लंका पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार, कब्जे से माल मसरूका कुल 4100 रुपये बरामद।

श्रीमान् पुलिस आयुक्त महोदय कमिश्नरेट वाराणसी द्वारा चोरी एवं अन्य आपराधिक घटनाओं पर अंकुश लगाये जाने हेतु तथा अवैध गतिविधियों की रोकथाम हेतु दिये गये निर्देशों के अनुपालन में पुलिस उपायुक्त, काशी जोन, कमिश्नरेट वाराणसी के निर्देशन में व अपर पुलिस उपायुक्त, काशी जोन, कमिश्नरेट वाराणसी व सहायक पुलिस आयुक्त भेलूपुर के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी लंका के कुशल नेतृत्व में दिनांक 12.06.2024 को लंका पुलिस द्वारा बजबजा प्लांट रमना के पास से 01 नफर अभियुक्त निखिल यादव पुत्र लालहादुर यादव निवासी ग्राम टिकरी थाना चितईपुर जिला वाराणसी को गिरफ्तार किया गया। आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

घटना विवरणः-

पूर्व में थाना स्थानीय पर पंजीकृत अभियोग 137/2024 धारा 380 भा0द0वि0 व 0209/2024 धारा 457/380 भा0द0वि0 में अभियुक्तगण की तलाश पतारसी सुरागरसी, सीसीटीवी फूटेज एवं मुखबिर खास की सूचना के आधार पर बजबजा प्लाण्ट के पास से 01 नफर अभियुक्त को हिरासत मे लिया गया पूछताछ एवं तलाश से अभियुक्त के पास से घटना में चुराए हुए सामानों की बिक्री से प्राप्त रुपयों का अंश 4100/- रुपये बरामद हुए।

पूछताछ विवरण- अभियुक्त उपरोक्त पूछताछ पर बता रहा है कि साहब होली के त्यौहार के आसपास मै अपने दो साथियों के साथ मिलकर बजरंग नगर कालोनी, अशोक पुरम –डाफी में एक घऱ के अन्दर दीवार फाँदकर पहुँच कर उनके घर के दरवाजे में लगे ताले को तोड़कर जेवरात चोरी किया था। हम ही तीनो लोग बजरंग नगर कालोनी अशोकपुरम स्थित सिंह कैटर्स के पास वाले मकान में भी चोरी किये थे, चोरी का सारा सामान राजेश उर्फ जुगनू यादव अपने पास रखता है तथा सामान बेचकर जो पैसे मिलते हैं उसे हमलोग आपस में बांट लेते हैं। मेरे पास से जो पैसे बरामद हुए हैं साहब वो उसी चोरी में मिले हिस्से के रूपये थे। साहब हमलोग बंद घरों की दिन में रेकी करके सुनसान व रात का समय होने पर घरों का ताला तोड़कर घर में रखे सामानों को चुरा लेते हैं तथा उन सामानों को बेच कर जो भी पैसे मिलते हैं उन्हें आपस में बांट लेते हैं। सर कम मेहनत में ज्यादा कमाई के लालच में पड़कर मैं चोरी के अपराध में लिप्त हो गया। साहब मुझे अपनी गलती का एहसास हो गया है। आगे से मैं ऐसा घृणित काम नहीं करूंगा।

गिरफ्तार अभियुक्त का नाम-पता-

1. निखिल यादव पुत्र लालहादुर यादव निवासी ग्राम टिकरी थाना चितईपुर जिला वाराणसी उम्र करीब 20 वर्ष ।

गिरफ्तारी का दिनांक व स्थान- दिनांक गिरफ्तारी 12.06.2024 को बजबजा प्लान्ट के पास रमना, थाना क्षेत्र लंका, कमि0 वाराणसी

विवरण बरामदगी- अभियुक्त के कब्जे से माल मसरुका 4100 रुपये बरामद ।

पंजीकृत अभियोग का विवरण -

1. मु0अ0स0 137/24 धारा 380/411 भा0द0वि0 थाना लंका, कमि0 वाराणसी ।
2. मु0अ0स0 209/24 धारा 457/380/411 भा0द0वि0 थाना लंका, कमि0 वाराणसी ।

गिरफ्तारी/बरामदगी करने वाली पुलिस टीम

1. शिवाकान्त मिश्र, प्रभारी निरीक्षक, थाना लंका, कमिश्नरेट वाराणसी।
2. निरीक्षक सुहेल अहमद, थाना लंका, कमिश्नरेट वाराणसी।
3. उ0नि0 अश्वनी कुमार राय, चौकी प्रभारी रमना, थाना लंका, कमि0 वाराणसी।
4. उ0नि0 मनीष कुमार मिश्र, प्रभारी एसओजी टीम, कमि0 वाराणसी।
5. उ0नि0 गौरव सिंह, एसओजी टीम, कमि0 वाराणसी।
6. आरक्षी ऋषिकेश राय, थाना लंका, कमिश्नरेट वाराणसी।
7. आरक्षी विमल कुमार, थाना लंका, कमिश्नरेट वाराणसी।
8. आरक्षी आलोक मौर्या, एसओजी टीम, कमि0 वाराणसी।
9. आरक्षी मनीष बघेल, एसओजी टीम, कमि0 वाराणसी।
10. आरक्षी पवन तिवारी, एसओजी टीम, कमि0 वाराणसी।
11. आरक्षी अंकित मिश्रा, एसओजी टीम, कमि0 वाराणसी।

सोशल मीडिया सेल
पुलिस उपायुक्त, कार्यालय
जोन-काशी कमिश्नरेट वाराणसी